वस्तुनिष्ठ

सामान्य ज्ञान

GENERAL KNOWLEDGE

भूगोल

भारत एवं विश्व का भूगोल

1000+ MCQs

– प्रसून कुमार





संघ लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड, भारतीय मिलिट्री अकादमी (देहरादून), राष्ट्रीय ग्रामीण छात्रवृत्ति एवं सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

वस्तुनिष्ठ
सामान्य ज्ञान
भूगोल

सिविल सर्विस (केन्द्र एवं राज्य), स्टॉफ सलेक्शन कमीशन (SSC), इन्स्टीच्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सेलेक्शन (IBPS), मैनेजमेंट एप्टीच्यूट टेस्ट (MAT), कॉमन एडमिशन टेस्ट (CAT), रेलवे रिक्रूटमेंट सर्विसेज एवं सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी।

लेखक
प्रसून कुमार

वी एण्ड एस पब्लिशर्स

प्रकाशक



वी एण्ड एस पब्लिशर्स

F-2/16, अंसारी रोड, दरियागंज, नयी दिल्ली-110002
☎ 23240026, 23240027 • *फैक्स:* 011-23240028
E-mail: info@vspublishers.com • *Website:* www.vspublishers.com

शाखा: हैदराबाद
5-1-707/1, ब्रिज भवन (सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया लेन के पास)
बैंक स्ट्रीट, कोटी, हैदराबाद - 500 095
☎ 040-24737290
E-mail: vspublishershyd@gmail.com

शाखा : मुम्बई
जयवंत इंडस्ट्रिअल इस्टेट, 1st फ्लोर-108, तारदेव रोड
अपोजिट सोबो सेन्ट्रल, मुम्बई - 400 034
☎ 022-23510736
E-mail: vspublishersmum@gmail.com

फ़ॉलो करें:   

© **कॉपीराइट:** वी एण्ड एस पब्लिशर्स

ISBN 978-93-505798-7-9

DISCLAIMER

इस पुस्तक में सटीक समय पर जानकारी उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास किया गया है। पुस्तक में संभावित त्रुटियों के लिए लेखक और प्रकाशक किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे। पुस्तक में प्रदान की गयी पाठ्य सामग्रियों की व्यापकता या सम्पूर्णता के लिए लेखक या प्रकाशक किसी प्रकार की वारंटी नहीं देते हैं।

पुस्तक में प्रदान की गयी सभी सामग्रियों को व्यावसायिक मार्गदर्शन के तहत सरल बनाया गया है। किसी भी प्रकार के उद्धरण या अतिरिक्त जानकारी के स्रोत के रूप में किसी संगठन या वेबसाइट के उल्लेखों का लेखक या प्रकाशक समर्थन नहीं करता है। यह भी संभव है कि पुस्तक के प्रकाशन के दौरान उद्धृत बेवसाइट हटा दी गयी हो।

इस पुस्तक में उल्लिखित विशेषज्ञ के राय का उपयोग करने का परिणाम लेखक और प्रकाशक के नियंत्रण से हटकर पाठक की परिस्थितियों और कारकों पर पूरी तरह निर्भर करेगा।

पुस्तक में दिये गये विचारों को आजमाने से पूर्व किसी विशेषज्ञ से सलाह लेना आवश्यक है। पाठक पुस्तक को पढ़ने से उत्पन्न कारकों के लिए पाठक स्वयं पूर्ण रूप से जिम्मेदार समझा जायेगा।

उचित मार्गदर्शन के लिए पुस्तक को माता-पिता एवं अभिभावक की निगरानी में पढ़ने की सलाह दी जाती है। इस पुस्तक के खरीददार स्वयं इसमें दिये गये सामग्रियों और जानकारी के उपयोग के लिए सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं।

इस पुस्तक की सम्पूर्ण सामग्री का कॉपीराइट लेखक/प्रकाशक के पास रहेगा। कवर डिजाइन, टेक्स्ट या चित्रों का किसी भी प्रकार का उल्लंघन किसी इकाई द्वारा किसी भी रूप में कानूनी कार्रवाई को आमंत्रित करेगा और इसके परिणामों के लिए जिम्मेदार समझा जायेगा।

प्रकाशकीय

एक उत्कृष्ट प्रकाशक के तौर पर देश भर में प्रसिद्धि प्राप्त करने के पश्चात् **'वी एण्ड एस पब्लिशर्स'** ने विशेष रूप से ओलम्पियाड एवं अकादमिक परीक्षाओं में शामिल होने जा रहे छात्रों के लिए 'ओलम्पियाड शृंखला' की पुस्तकें प्रकाशित करने का निश्चय किया।

वर्ष 2015 में हमने पहली बार विज्ञान, गणित, अंग्रेजी तथा कम्प्यूटर सम्बन्धित ओलम्पियाड पुस्तकों का सफलतापूर्वक प्रकाशन किया। इन पुस्तकों को देशभर के छात्रों से भरपूर सराहना मिली तथा उनके शिक्षकों और अभिभावकों से भी प्रशंसा भरे अनेक संदेश प्राप्त हुए। इस सफलता से उत्साहित होकर हमने निश्चय किया कि हमें इस प्रकार की अकादमिक पुस्तकों का प्रकाशन निरंतर जारी रखना चाहिए। इसी सिलसिले को जारी रखते हुए हमने शीर्ष प्रतियोगिता परीक्षाओं में छात्रों की सफलता हेतु इस बार **'वस्तुनिष्ठ सामान्य ज्ञान भूगोल'** पुस्तक प्रकाशित किया है।

इस पुस्तक में हमने उच्च शिक्षा तथा सरकारी सेवाओं में जाने वाले उत्साही छात्रों के लिए उन सभी संभावित प्रश्नों को सम्मिलित किया, जो इन परीक्षाओं में अकसर पूछे जाते हैं।

इस पुस्तक में इतिहास (भारत एवं विश्व), भूगोल (भारत एवं विश्व), भारतीय राजव्यवस्था एवं भारतीय अर्थव्यवस्था, सामान्य ज्ञान, कम्प्यूटर, सूचना एवं तकनीक तथा विविध आदि विषयों से 1000 चुने गये प्रश्नों का संकलन किया गया है।

सिविल सर्विस (केन्द्र एवं राज्य), स्टॉफ सलेक्शन कमीशन (SSC), इन्स्टीच्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सेलेक्शन (IBPS), डिफेंस सर्विसेज (CDSE, NDA), मैनेजमेंट एप्टीच्यूट टेस्ट (MAT), कॉमन एडमिशन टेस्ट (CAT), रेलवे रिक्रूटमेंट सर्विसेज तथा अन्य उच्च स्तरीय परीक्षाओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी है।

यूँ तो बाजार में सामान्य ज्ञान की कई पुस्तकें उपलब्ध हैं। इन पुस्तकों के साथ एक मुख्य समस्या यह है कि कुछ अंतराल के पश्चात् इन पुस्तकों के पाठ्यक्रम में बदलाव करना आवश्यक हो जाता है। इस समस्या के निदान के लिए हमने प्रस्तुत पुस्तक में विषयों का संकलन कुछ इस प्रकार किया है, जिससे छात्रों को इसके पाठ्यक्रय में शीघ्र बदलाव की आवश्यकता महसूस नहीं हो। इस योजना के तहत पुस्तक में समसामियकी (करेंट अफेयर्स) का चयन नहीं किया गया है। हमें आशा है कि छात्र एवं शिक्षक इस पुस्तक की व्यापक उपयोगिता को देखते हुए इसे सहर्ष अपनायेंगे। छात्रों से अनुरोध है कि प्रश्नों को हल करने के पश्चात् यदि उन्हें पुस्तक में कोई त्रुटि दिखायी दे तो इसकी सूचना हमारे ईमेल पर अवश्य दें, जिससे भविष्य में पुस्तक को और अधिक उपयोगी बनाया जा सके।

भारत का भूगोल

1. निम्नलिखित कथनों में से कौन-से कथन भारत के बारे में सही हैं? सही उत्तर के चयन हेतु अधोलिखित कूट का उपयोग कीजिए–

I. भारत विश्व का पाँचवाँ बड़ा देश है।

II. यह स्थलमंडल के कुल क्षेत्रफल का लगभग 2.4 प्रतिशत भाग अधिकृत हुए है।

III. सम्पूर्ण भारत उष्ण कटिबंध में स्थित है।

IV. 82°30' पूर्वी देशान्तर का उपयोग भारतीय मानक समय को निर्धारित करने के लिए किया जाता है।

(a) I और II (b) II और III

(c) I और III (d) II और IV

2. भारत विस्तृत है–

(a) 37°17'53" उ० तथा 8°6'28" द० के बीच

(b) 37°17'53" उ० तथा 8°4'28" द० के बीच

(c) 37°17'53" उ० तथा 8°28' उ० के बीच

(d) उपर्युक्त में कोई नहीं

3. गुजरात के सबसे पश्चिमी गांव और अरुणाचल प्रदेश के सबसे पूर्वी छोर पर स्थित वालांग शहर के समय में कितने घंटे का अन्तराल होगा?

(a) 1 घंटा (b) 2 घंटा

(c) 3 घंटा (d) 1/2 घंटा

4. निम्न कथनों पर विचार कीजिए–

1. जबलपुर की देशान्तर रेखा इंदौर व भोपाल की देशान्तर रेखाओं के बीच है।
2. औरंगाबाद का अक्षांश बड़ोदरा व पुणे के अक्षांशों के बीच है।
3. बंगलुरु की अवस्थिति चेन्नई की तुलना में अधिक दक्षिणवर्ती है।

इनमें से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) 1 और 3 (b) केवल 2

(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

5. यदि हिमालय-पर्वत-श्रेणियाँ नहीं होती तो भारत पर सर्वाधिक संभाव्य भौगोलिक प्रभाव क्या होता?

I. देश के अधिकांश भाग में साइबेरिया से आने वाली शीत लहरों का अनुभव होता।

II. सिन्धु-गंगा मैदान इतनी सुविस्तृत जलोढ़ मृदा से वंचित होता।

III. मानसून का प्रतिरूप से भिन्न होता।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल I

(b) केवल II

(c) केवल 2 और III

(d) I, II और III

6. निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है?

(a) भौमिकीय दृष्टि से प्रायद्वीप क्षेत्र भारत का सबसे प्राचीन भाग है।

(b) हिमालय विश्व में सबसे नवीन वलित (फोनडेड) पर्वतों को प्रदर्शित करते हैं।

(c) भारत के पश्चिमी समुद्र तट का निर्माण नदियों की जमाव क्रिया द्वारा हुआ है।

(d) भारत में गोंडवाना शिलाओं में कोयले का वृहत्तम भंडार है।

7. भारत में भू-आकारों की रचना के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर मनन कीजिए–

1. संरचनात्मक दृष्टि से मेघालय पठार दक्कन पठार का ही विस्तारित भाग है।
2. कश्मीर घाटी की रचना एक समभिनति में हुई।
3. गंगा मैदान की रचना एक अग्रगर्त में हुई।
4. हिमालय की उत्पत्ति भारतीय प्लेट, यूरोपीय प्लेट तथा चीनी प्लेट के त्रिकोणीय अभिसरण के फलस्वरूप हुई है।

इन कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?

(a) 1, 2 तथा 3 (b) 1, 3 तथा 4
(c) 1 तथा 3 (d) 2 तथा 4

8. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए–

सूची-I	**सूची-II**
A. दकन ट्रैप	1. उत्तर नूतन
B. पश्चिमी घाट	2. प्री-कैम्ब्रियन
C. अरावली	3. क्रिटेशियस
D. नर्मदा-ताप्ति कैम्ब्रियन	4. आदि नूतन
E. जलोढ़ निक्षेप	5. अत्यंत नूतन

कूट :	**A**	**B**	**C**	**D**
(a)	3	5	1	4
(b)	3	1	2	5
(c)	2	1	3	4
(d)	1	4	2	5

9. हिमालय का पर्वत पदीय प्रदेश है–

(a) ट्रांस-हिमालय (b) शिवालिक
(c) वृहत्त हिमालय (d) अरावली

10. जब आप हिमालय की यात्रा करेंगे, तो आप निम्नलिखित जगहों को देखेंगे–

1. गहरे खड्डे
2. U घुमाव वाले नदी-मार्ग
3. समांतर पर्वत श्रेणियाँ
4. भूस्खलन के लिए उत्तरदायी तीव्र ढाल प्रवणता

उपर्युक्त में से कौन-से हिमालय के तरुण वलित पर्वत (नवीन मोड़दार पर्वत) के साक्ष्य कहे जा सकते हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 2, और 4
(c) केवल 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

11. उत्तर से शुरु कर दक्षिण की ओर नीचे दी गयी पहाड़ियों का सही अनुक्रम क्या है?

(a) नमलामलाई पहाड़ियाँ → नीलगिरि पहाड़ियाँ → जवादी पहाड़ियाँ → अन्नामलाई पहाड़ियाँ
(b) अन्नामलाई पहाड़ियाँ → जवादी पहाड़ियाँ → नीलगिरि पहाड़ियां → नमलामलाई पहाड़ियाँ
(c) नमलामलाई पहाड़ियाँ → जवादी पहाड़ियाँ → नीलगिरि पहाड़ियाँ → अन्नामलाई पहाड़ियाँ
(d) अन्नामलाई पहाड़ियाँ → नीलगिरि पहाड़ियाँ → जवादी पहाड़ियाँ → नमलामलाई पहाड़ियाँ

12. भारत में कॉफी सबसे अधिक किस जगह उगाई जाती है?

(a) राजमहल हिल्स (b) दार्जिलिंग
(c) आन्ध्र प्रदेश (d) कर्नाटक

13. भारत में रबड़ का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है–

(a) केरल (b) कर्नाटक
(c) महाराष्ट्र (d) असम

14. रबड़ की खेती के लिए आवश्यक तापमान क्या है?
(a) 25°C (b) 30°C
(c) 35°C (d) 40°C

15. 'मसालों का बगीचा' उपनाम से प्रसिद्ध राज्य है–
(a) कर्नाटक (b) केरल
(c) झारखण्ड (d) गोवा

16. भारत में किस किस्म के कॉफी का उत्पादन किया जाता है?
(a) कावों (b) ऐराबिका
(c) केगा (d) कॉनसो

17. जूट सबसे अधिक कहाँ होता है?
(a) मुबंई
(b) कर्नाटक
(c) बंगाल के डेल्टा क्षेत्र
(d) आन्ध्र प्रदेश

18. भारत में सर्वाधिक पटसन का उत्पादक प्रदेश कौन-सा है?
(a) तमिलनाडु (b) पश्चिम बंगाल
(c) बिहार (d) आन्ध्र प्रदेश

19. इनमें से कौन-सा सही नहीं है?
(a) गेहूँ-रबी (b) चना-खरीफ
(c) चावल-खरीफ (d) जौ-रबी

20. भारत में सबसे अधिक कौन-सी मिट्टी पायी जाती है?
(a) लैटेराइट (b) काली मिट्टी
(c) जलोढ़ मिट्टी (d) पंक

21. इनमें से कौन गेहूँ फसल के संदर्भ में सही है?
(a) अक्टूबर-नवम्बर में बोया जाता है तथा मार्च में काटा जाता है।
(b) जनवरी-फरवरी में काटना तथा जून-जुलाई में बोआई।
(c) जून-जुलाई में बोआई तथा मार्च-अप्रैल में कटाई।
(d) इनमें से कोई नहीं।

22. बीज से उत्पन्न किये गये पौधे को पुनः रोपकर निम्नलिखित में से किसकी खेती होती है?
(a) मक्का (b) धान
(c) चारा (d) गन्ना

23. निम्नलिखित में से कौन-सी कृषि विधा ईकोफ्रेंडली है?
(a) ऑर्गेनिक फार्मिंग
(b) शिफ्टिंग कनटीवेशन
(c) ऐसी किस्मों की खेती जो अधिक उपज देती हो।
(d) कांच के घरों में पादप उगाना।

24. भारत में गेहूँ का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है–
(a) हरियाणा (b) पंजाब
(c) उत्तर प्रदेश (d) महाराष्ट्र

25. निम्नलिखित कृषि प्रणालियों में से कौन-सा एक पारिस्थितिक मित्र है?
(a) कार्बनिक खेती
(b) स्थानांतरी जुताई
(c) उच्च-उत्पाद किस्मों की खेती
(d) काँच गृहों में पौधे उगाना

26. सबसे ज्यादा चावल किस राज्य में होता है?
(a) पश्चिम बंगाल (b) पंजाब
(c) केरल (d) गुजरात

27. कपास की खेती के लिए किस प्रकार की मिट्टी चाहिए?
(a) बांगर (b) खादर
(c) लाउस (d) रेगुड़

28. कपास उगाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी मिट्टी उपयुक्त है?
(a) रेतीली मिट्टी
(b) चिकनी मिट्टी
(c) काली मिट्टी
(d) दोमट मिट्टी

29- भारत में काली मिट्टी के क्षेत्र कहाँ तक सीमित हैं?
(a) गंगा का मैदान
(b) मध्य-दक्षिणी क्षेत्र
(c) हिमालय का क्षेत्र
(d) पूर्वी डेल्टा के क्षेत्र

30. कुफरी चमत्कार किस फसल की प्रजाति है?
(a) मूली (b) आलू
(c) कपास (d) आम

31. भारत में पाई जाने वाली खादर एवं बांगर किस प्रकार की मिट्टी है?
(a) जलोढ़ (b) रेगूर
(c) लेटेराईट (d) लाल-पीली

32- भारत में धान्य फसलें उगाई जाती हैं, कुल कृषि भूमि के–
(a) 50 प्रतिशत भाग में
(b) 60 प्रतिशत भाग में
(c) 75 प्रतिशत भाग में
(d) 85 प्रतिशत भाग में

33. कॉफी किस क्षेत्र का पौधा है?
(a) उष्ण कटिबंधीय झाड़ीदार
(b) शीतोष्ण कटिबंधीय
(c) उक्त दोनों
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

34. निम्नलिखित में से कौन-सा एक खरीफ फसल नहीं है?
(a) ज्वार (b) बाजरा
(c) चना (d) मक्का

35. सिंधु गंगा के मैदान की नई जलोढ़ मिट्टी को किस नाम से जाना जाता है?
(a) खादर (b) ऊसर
(c) रेगूर (d) बांगर

36. देश के कुल कृषि योग्य क्षेत्र के सर्वाधिक भाग पर निम्न में किस फसल की कृषि की जाती है?
(a) गेहूँ (b) चावल
(c) बाजरा (d) कपास

37. गन्ने का अधिकतम उत्पादन करने वाला प्रदेश है–
(a) उत्तर प्रदेश (b) महाराष्ट्र
(c) पंजाब (d) बिहार

38. भारत में ईख कितने माह में परिपक्व होता है?
(a) 5 माह (b) 3 माह
(c) 7 माह (d) 12 माह

39. हिमालय नदियों की मुख्य विशेषता है–
(a) ये गाद निक्षेप में समृद्ध होती हैं।
(b) इनमें जल का प्रवाह बारहमासी होता है।
(c) ये मुख्यत: वर्षाजनित है।
(d) ये नाव चलाने के लिए उपयुक्त हैं।

40. कौन-सी नदी पश्चिम की ओर बहते हुए अरब सागर में प्रवेश करती है?
(a) गोदावरी (b) कृष्णा
(c) कावेरी (d) नर्मदा

41. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी बंगाल की खाड़ी में नहीं गिरती है?
(a) महानदी (b) ताप्ती
(c) गोदावरी (d) माही

42. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी बंगाल की खाड़ी मिलती है?
(a) चम्बल (b) ताप्ती
(c) महानदी (d) माही

43. 'राजस्थान नहर' पानी प्राप्त करता है–
(a) सतलज नदी से (b) व्यास नदी से
(c) चम्बल नदी से (d) रावी नदी से

44. राजस्थान नहर का नया नाम क्या है?
(a) गांधी नहर
(b) इन्दिरा गांधी नहर
(c) जवाहर नहर

(d) सुभाष नहर

45. ग्रीष्म ऋतु में तीव्र गर्मी एवं निम्न दाब के कारण विषुवत् रेखा पार कर आने वाला मानसून है–
(a) दक्षिण मानसून
(b) उत्तर-पूर्वी मानसून
(c) दक्षिण-पूर्वी मानसून
(d) उत्तर-पश्चिम मानसून

46. इनमें नकदी फसल कौन-सा है?
(a) जूट (b) जौ
(c) गेहूँ (d) मटर

47. निम्नलिखित में सबसे अधिक उपजाऊ भूमि कौन-सी है?
(a) लाल मिट्टी
(b) लैटराइट मिट्टी
(c) जलोढ़ मिट्टी
(d) काली मिट्टी

48. खरीफ फसल काटी जाती है–
(a) अक्टूबर-नवंबर
(b) जनवरी-फरवरी
(c) मार्च-अप्रैल
(d) मई-जून

49. निम्न में से किस मिट्टी को सबसे कम जोतने की आवश्यकता होती है?
(a) लाल मिट्टी (b) काली मिट्टी
(c) जलोढ़ मिट्टी (d) चिकनी मिट्टी

50. भारत में काजू उत्पादन के मामले में मुख्य राज्य कौन-सा है?
(a) केरल (b) तमिलनाडु
(c) उड़ीसा (d) पश्चिम बंगाल

51. मिट्टी की रचना सामान्यत: निम्नलिखित प्रक्रिया द्वारा होती है–
(a) अपरदन (b) निक्षेपण
(c) निरावरणीयकरण (d) अपक्षय

52. सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए एवं कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए–

सूची-I (बीमारी)	**सूची-II (फसल)**
A. ब्लैक रस्ट	1. चावल
B. स्टेम रॉट	2. सरसों
C. ह्वाइट रस्ट	3. आलू
D. अर्ली ब्लाइट	4. गेहूँ

कूट :	**A**	**B**	**C**	**D**
(a)	1	3	4	2
(b)	4	1	2	3
(c)	4	3	2	1
(d)	2	1	4	3

53. निम्नलिखित में से कौन-से दो राज्य कावेरी जल विवाद से सम्बन्धित है.
(a) कर्नाटक और तमिलनाडु
(b) कर्नाटक और केरल
(c) केरल और तमिलनाडु
(d) तमिलनाडु और मध्य प्रदेश

54. 'सरदार सरोवर' परियोजना किस राज्य में निर्माणाधीन है?
(a) राजस्थान (b) मध्य प्रदेश
(c) उत्तर प्रदेश (d) गुजरात

55. नर्मदा नदी पर कौन-सा बाँध नहीं है?
(a) कोयना नदी (b) इंदिरा नगर
(c) सरदार सरोवर (d) गांधी सागर

56. निम्नलिखित में से कौन-सी भारतीय नदी पूर्व से पश्चिम की ओर नहीं बहती है?
(a) नर्मदा (b) ताप्ती
(c) लूनी (d) कावेरी

57. भाखड़ा नांगल बहुउद्देशीय परियोजना किस नदी पर बनी है?
(a) रावी (b) व्यास
(c) सतलज (d) झेलम